Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

HAPPY REPUBLIC DAY

26 JANUARY REPUBLIC DAY

वर्षः 07 अंकः 25 | सोमवार, 26 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

# 'भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा'



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए वैश्विक उथल-पुथल के दौर में देश की अर्थव्यवस्था की विकास की रफ्तार जारी रहने का भरोसा जताया है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। भारत निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्तमान वैश्विक स्थिति के संदर्भ में राष्ट्रपति ने आत्म निर्भरता और स्वदेशी के मूलमंत्र पर जोर देते हुए कहा कि हम विश्व-स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में निवेश करके अपनी आर्थिक संरचना का उच्च-स्तर पर पुनर्निर्माण कर रहे हैं। देश की आर्थिक दिशा में परिवर्तन के लिए सरकार द्वारा उठाए कदमों की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने जीएसटी टैक्स व्यवस्था में हुए ताजा सुधार का उल्लेख किया और कहा कि इस निर्णय से अर्थव्यवस्था को और अधिक शक्ति मिलेगी। जीएसटी स्वतंत्रता के बाद देश के आर्थिक एकीकरण का दिशा में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है। श्रम सुधार के क्षेत्र में चार 'लेबर कोड' से श्रमिक और उद्यमी दोनों को लाभ मिलेगा तथा विकास को भी गति मिलेगी। अनेक अनावश्यक नियमों को निरस्त कई कंप्लायंस को को समाप्त किया गया है तथा जनहित में व्यवस्थाओं को सरल बनाया गया है। टेक्नॉलॉजी के माध्यम से लाभार्थियों को सुविधाओं के साथ सीधे जोड़ा जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ इज ऑफ लिविंग को प्राथमिकता दी जा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार और जन-सामान्य के बीच की दूरी को निरंतर कम किया जा रहा है। पिछले दशक के दौरान राष्ट्रीय लक्ष्यों को जनभागीदारी के माध्यम से प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियानों को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। डिजिटल पेमेंट व्यवस्था को बहुत बड़े पैमाने पर अपनाया जाना इसका नमूना है और आज विश्व के आधे से अधिक डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने देश के विकास तथा सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले किसानों, युवाओं तथा जवानों की भूमिकाओं की प्रशंसा भी की।

## 'इतिहास निरंतरता में पढ़ा जाए', रोमिला थापर ने मुगलों का इतिहास हटाने को बताया बेतुका

**नई दिल्ली।** इतिहासकार रोमिला थापर ने कहा कि इतिहास एक सतत प्रक्रिया है और इसे टुकड़ों में नहीं पढ़ाया जा सकता। उन्होंने मुगलों के इतिहास को पाठ्यपुस्तकों से हटाने की प्रथा को बेतुका बताया। केरल साहित्य महोत्सव के नौवें संस्करण को वह ऑनलाइन संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, "जो कुछ हो रहा है, जैसे कि इतिहास के कुछ हिस्सों को पाठ्यक्रम से हटा दिया जा रहा है या हमें बताया जा रहा है कि हमें उन्हें पढ़ने की आवश्यकता नहीं है, वह बेतुका है। इतिहास सतत प्रक्रिया है। यह निरंतरता इस बात से नहीं टूट सकती कि ठीक है, हम इस राजवंश को हटा दें, हम मुगलों को हटा दें, हम उसे हटा दें।" इससे इतिहास खंडित हो जाता है और इसका कोई अर्थ नहीं रह जाता। एनसीईआरटी ने कथित तौर पर 2025-26 शैक्षणिक वर्ष के लिए अपनी कक्षा सात की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक को संशोधित किया है, जिसमें दिल्ली सल्तनत और मुगलों से संबंधित अध्याय हटा दिए गए हैं।

## || सार संक्षेप

### कर्नल सोफिया कुरैशी को विशिष्ट सेवा पदक

**नई दिल्ली।**



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को कर्नल सोफिया कुरैशी को विशिष्ट सेवा पदक देने का एलान किया गया। कर्नल सोफिया कुरैशी पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चचाओं में आईं थीं। उन्होंने पाकिस्तान के हर झूठ को बेनकाब करने का काम किया था। भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को गणतंत्र दिवस 2026 पर विशिष्ट सेवा मेडल (वीएसएम) से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उनकी खास सेवा खासकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के उद्देश्यों को दुनिया के सामने बताने में उनकी भूमिका के लिए दिया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जब अफवाहें फैलाई जा रही थीं।

### 'उनकी सेवा समाज को समृद्ध बनाती है', पीएम मोदी ने पद्म पुरस्कार विजेताओं को दी बधाई

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को रविवार को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्टता, समर्पण और सेवा हमारे समाज को समृद्ध बनाती है।

यह सम्मान उस प्रतिबद्धता और श्रेष्ठता की भावना को दशार्ता है, जो पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को पद्म पुरस्कारों की घोषणा की ।वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेता सामाजिक परिवर्तन के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने अपनी असाधारण उपलब्धियों, क्रांतिकारी नवाचारों और अथक प्रतिबद्धता के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र की प्रगति को आगे बढ़ाया है। शाह ने एक्स पर एक संदेश में पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि ये पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की झलक दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक परिवर्तन के प्रथप्रदर्शक हैं, जिन्होंने अपनी असाधारण उपलब्धियों, क्रांतिकारी नवाचारों और अथक प्रतिबद्धता के साथ विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाया है।

## करुणा के बिना कानून अत्याचार बन जाता है, कानून के बिना करुणा अराजकता : सीजेआई

**नई दिल्ली।**



प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि करुणा के बिना कानून अत्याचार बन जाता है और कानून के बिना करुणा अराजकता का कारण बनती है। मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर गोवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के 30 दिन के विशेष जागरूकता अभियान के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआइ ने कहा कि हमें यह समझना चाहिए कि नशीले पदार्थों का दुरुपयोग केवल आपराधिक समस्या नहीं है। यह एक सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय समस्या भी है, जिससे निपटने के लिए प्रतिशोधात्मक बयानबाजी नहीं, बल्कि परामर्श देने जैसे कदमों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर महीने भर चला यह अभियान इस भावना को स्पष्ट रूप से दशार्ने में सफल रहा है। मैं विधि व्यवस्था और सामाजिक परिवर्तन के बीच महत्वपूर्ण अंतसंबंध पर भी बात करना चाहूंगा।

## 'वायु प्रदूषण के कारण लोग चुका रहे भारी कीमत', राहुल गांधी ने लॉन्च की 'आवाज भारत की' वेबसाइट

**नई दिल्ली।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि लोग वायु प्रदूषण की भारी कीमत अपने स्वास्थ्य के साथ चुका रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपने अनुभव साझा करने की अपील की और कहा कि इस मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता या अगली सर्दियों तक नहीं टाला जा सकता। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राहुल ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर लॉन्च किए गए ऑनलाइन प्लेटफार्म ₹आवाज भारत की₹ पर अपनी चिंताएं बताने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ₹हम वायु प्रदूषण की भारी कीमत चुका रहे हैं- अपनी सेहत और अपनी आर्थिकी के साथ। करोड़ों आम भारतीय हर दिन यह बोझ सहते हैं। बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। रोजी-रोटी, खासकर निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूरों की जिंदगी पर बहुत बुरा असर पड़ा है। राहुल ने कहा, ₹इस मुश्किल को अगली सर्दियों तक नहीं भुलाया जा सकता। बदलाव की तरफ पहला कदम है अपनी आवाज उठाना। वायु प्रदूषण ने आपको या आपके अपनों को कैसे प्रभावित किया है, अपनी कहानी साझा करें। आपकी आवाज मायने रखती है और इसे उठाना मेरा फर्ज है।



## हिंद-प्रशांत क्षेत्र और यूक्रेन मुद्दे पर हुई बात

# जयशंकर ने अमेरिकी संसदीय दल से की वार्ता

**नई दिल्ली।**



भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक स्तर पर जारी तनाव के दौर में विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने तीन सदस्यीय अमेरिकी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जिसमें व्यापार और सुरक्षा के मुद्दे अहम रहे हैं।

इसके अलावा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के कई पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इस बातचीत को भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू बताया। विदेश मंत्री जयशंकर के साथ रविवार को बैठक में उपस्थित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि बातचीत 'फलदायी' रही और इसका ध्यान सुरक्षा, व्यापार और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर था। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक पोस्ट को साझा किया कि उन्होंने अलबामा के प्रतिनिधि माइक रोजर्स, वाच्शगटन के एडम स्मिथ और फ्लोरिडा के जिमी पैट्रोनिस के साथ बातचीत की। साथ ही भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से भी चर्चा की।

राजदूत गोर ने बैठक को "फलदायी" बताया और कहा कि यह भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत सुरक्षा, विस्तारित व्यापार और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर सहयोग के लिए बढ़ावा देगा। यह बैठक नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच उच्च-स्तरीय बातचीत की एक श्रृंखला के बीच हुई है। दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीच्फग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, "यह बातचीत 13 जनवरी को हुई। यह दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। उन्होंने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा, नागरिक परमाणु सहयोग और ऊर्जा सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय विकास पर भी अपने ध्ष्टिकोण का आदान-प्रदान किया।"


## पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष इंद्रजीत बिंद्रा का निधन, जय शाह ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का निधन हो गया। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने उनके निधन पर शोक जताया है। भारतीय क्रिकेट को रविवार को गहरी क्षति पहुंची। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का निधन हो गया। आईसीसी के वर्तमान अध्यक्ष जय शाह ने बिंद्रा के निधन पर शोक जताया है।

## स्पेस हीरो शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से किया सम्मानित

**नई दिल्ली।**

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (करर) का दौरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने वाली ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भारत के सर्वोच्च शांतिकाल वीरता पुरस्कार, अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है। पिछले साल जून में 41 साल के ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने थे। वह एक्सिओम-4 मिशन के हिस्से के तौर पर आईएसएस गए थे। भारतीय वायु सेना (कअऋ) के टेस्ट पायलट की 18 दिन की अंतरिक्ष यात्रा राकेश शर्मा के 41 साल बाद हुई। उन्होंने 1984 में ये कारनामा किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज 70 सशस्त्र बलों के जवानों को वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी, जिनमें से छह को यह सम्मान मरणोपरांत मिलेगा। इनमें एक अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र (जिसमें एक मरणोपरांत शामिल है), एक बार टू सेना मेडल (वीरता) और 44 सेना मेडल (वीरता) शामिल हैं। कीर्ति चक्र पुरस्कार विजेताओं में मेजर अर्शदीप सिंह, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर हैं।



# तिरंगे के रंग में रंगी दिल्ली

**नई दिल्ली।**



आज कर्तव्य पथ पर दिखेगी विकसित भारत की तस्वीर

देश के 77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पूरी तरह से उत्सव के रंग में सराबोर नजर आई। लुटियंस दिल्ली की सड़कों से लेकर पुरानी दिल्ली की गलियों तक तिरंगे झंडे और दूधिया रोशनी से सजी दिखाई दी। रायसीना हिल्स पर स्थित राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और नार्थ-साउथ ब्लाक दूधिया रोशनी और तिरंगे के रंगों से नहाए हुए हैं। जो नए भारत के आत्मविश्वास को प्रदर्शित कर रहे हैं। वहीं, युवा कर्तव्य पथ होने वाले परेड देखने के लिए बहुत उत्साहित नजर आए। सोमवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। इस वर्ष की झांकी वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष और विकसित भारत की थीम पर आधारित है। ऐसे में एक ओर जहां भारतीय सेना के स्वदेशी आधुनिक हथियार और शक्तिशाली टैंकों का गर्जन सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा का भरोसा दिलाएगा। वहीं, दूसरी ओर विभिन्न राज्यों की रंगारंग झांकियां भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और सतरंगी विरासत के दर्शन कराएंगी। गणतंत्र दिवस के उल्लास को दोगुना करने के लिए लाल किले के प्रांगण में भारत पर्व की तैयारियां भी अपने अंतिम चरण में हैं। यहां देश से आए लोक कलाकार अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। साथ ही पर्यटक विभिन्न राज्यों के लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। विशेष बात यह है कि लाल किला परिसर में उन राज्यों की झांकियों को भी प्रदर्शित किया गया है, जो मुख्य परेड का हिस्सा नहीं बन सकी हैं।

## संपादक की कलम से

# अंततः विश्व चैंपियन

हम तो भारत की बेटियों को पहले ही ।चैम्पियन। घोषित कर चुके थे, लेकिन आधिकारिक नतीजा 2 नवम्बर को सामने आया। महिला क्रिकेट विश्व कप में टीम इंडिया ने, अंतत:, परचम लहराया। विश्व चैम्पियन बनी। एक शून्यता भरी गई। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को 52 रन से शिकस्त दी। यकीनन यह जीत और सिरमौर बनने की ललक, तड़प, खेल का जुनून और जज्बा, आक्रामकता सब कुछ अपने निष्कर्ष तक पहुंचे और भारत विश्व चैम्पियन बन गया।



ललित शर्मा
संपादक

बेशक शानदार जीत है, टीम इंडिया ने पहली बार वैश्विकता का इतिहास रचा है, मील-पत्थर तो कई स्थापित किए जा चुके हैं। अब टीम इंडिया खाली हाथ नहीं है, अंतिम चरण की अभिशप्त टीम नहीं है, पराजय का एहसास विजय में तबदील हो गया है। अब ऑस्ट्रेलिया (7 बार), इंग्लैंड (4 बार), न्यूजीलैंड (एक बार) के बाद भारत भी विश्व चैम्पियन टीम का चौथा देश है। देश गर्व और गौरव के साथ वे पल भी याद कर रहा है, जब 1983 में विश्व चैम्पियन की ट्रॉफी तत्कालीन पुरुष टीम के कप्तान कपिल देव ने हासिल की थी। पूरा विश्व हैरान था, लेकिन उल्लसित भी था, क्योंकि क्रिकेट की एक नई शक्ति का उदय हुआ था। तब विश्व में कोई भी उम्मीद नहीं करता था कि वेस्टइंडीज की तूफानी टीम को भारत की अपेक्षाकृत कमजोर टीम पराजित कर सकती है, लेकिन टीम इंडिया ने अनहोनियों को साकार किया। उसी से प्रेरित होकर, जीत के जज्बे और जुनून के साथ, एमएस धोनी के नेतृत्व में विराट कोहली, सहवाग, युवराज सिंह, गौतम गंभीर आदि की पीढ़ी ने अपने खेल को ऐसा तराशा कि टीम इंडिया 2 अप्रैल, 2011 को दूसरी बार, एकदिनी क्रिकेट की, विश्व चैम्पियन बनी। इस बार भी तारीख 2 ही थी, शहर भी मुंबई था, बेशक महीना नवम्बर का था और हम महिला क्रिकेट के भी विश्व चैम्पियन बने। टीम इंडिया ने अपनी पराजयों, खालीपन, निराशा, जीत छिटकने के तनावों से बहुत कुछ सीखा। अंतत: शीर्ष तक पहुंच कर खुद को साबित किया। बेशक खिताबी जीत सामूहिक होती है, लेकिन शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के खेल, अंतत:, टर्निंग प्वाइंट और निर्णायक बने। शेफाली को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था। वह रिजर्व खिलाड़ी भी नहीं थी, लेकिन अंतिम मुकाबले के लिए उन्हें अचानक बुलाया गया, क्योंकि सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल चोटिल हो गई थीं। शेफाली ने 87 रन (78 गेंद) की सर्वश्रेष्ठ पारी ही नहीं खेली, बल्कि सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना के साथ 104 रनों (106 गेंद) की साझेदारी भी निभाई और खेल को एक ठोस शुरूआत दी। महिला एकदिनी क्रिकेट विश्व कप के 13 संस्करणों के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार हुआ, जब सलामी जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में शतकीय साझेदारी की है। शेफाली ने प्रतिद्वंद्वी टीम के दो प्रमुख बल्लेबाजों-लुस और काप-को भी आउट किया। इस तरह शेफाली ने विश्व कप अर्द्धशतक और 2 विकेट चटकाने की दोहरी उपलब्धि भी हासिल की। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में 215 रन ठोंके और 22 सर्वाधिक विकेट लेकर एक और इतिहास रचा। विश्व कप के इतिहास में एक और कीर्तिमान दीप्ति के नाम दर्ज हो गया, लिहाजा उन्हें ।प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट। के सम्मान से नवाजा गया। शेफाली को प्लेयर आफ दि मैच। आंका गया और सम्मानित किया गया। दीप्ति ने ही अफ्रीकी टीम की विस्फोटक बल्लेबाज एवं कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (101) को आउट किया और वहीं से खेल टीम इंडिया के पाले में सरक आया। हमारी सलामी बल्लेबाज एवं उपकप्तान स्मृति मंधाना ने भी कुल 434 रन बनाए, जो विश्व कप के एक संस्करण में किसी भी भारतीय बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्मृति लॉरा (571 रन) के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। भारत में महिला क्रिकेट काफी उपेक्षित रही है। पुरुष खिलाडि?ों की तुलना में महिला क्रिकेटरों के वेतन, भत्ते, अनुबंध, रिटायरमेंट के बाद की सुविधाएं और पैकेज आदि बहुत कम हैं। बीसीसीआई ने कुछ साल पहले ही महिला क्रिकेट का प्रभार संभाला है। अब महिलाएं भी विश्व चैम्पियन हैं और यह निरंतरता बरकरार रहनी चाहिए।

# जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट- भारत के विश्व गुरु बनने का सटीक मंत्रः-भारतीय युवाओं की वैश्विक शक्ति और विजन 2047 की निर्णायक यात्रा-एक समग्र विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर भारत आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहाँ उसकी सबसे बड़ी पूंजी- युवाशक्ति- के पास न केवल संख्या का बल है, बल्कि बौद्धिक क्षमता, नवाचार की ऊर्जा और वैश्विक नेतृत्व का आत्मविश्वास भी है ।इक्कीसवीं सदी का भारत अब केवल संभावनाओं का देश नहीं, बल्कि परिणाम देने वाला राष्ट्र बन चुका है। ऐसे समय में जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट केवल एकनारा नहीं, बल्कि भारत के भविष्य का रणनीतिक मंत्र बनकर उभरा है। यह मंत्र भारतीय युवाओं के चरित्र, कार्यशैली और वैश्विक छवि को परिभाषित करने की क्षमता रखता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज पूरी दुनियाँ भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता का लोहा मान रही हैअमेरिका यूरोप, एशिया और खाड़ी देशों की बड़ी राजनीतिक संस्थाओं, शासन प्रणालियों, वैश्विक कंपनियों और तकनीकी दिग्गजों में भारतीय मूल के युवा नेतृत्वकारी भूमिकाओं में हैं। सीईओ से लेकर नीति-निमार्ता तक, स्टार्ट- अप संस्थापकों से लेकर शोध वैज्ञानिकों तक, भारतीय युवा वैश्विक निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बन चुके हैं ।यह स्थिति स्वतःनहीं आई, बल्किकठोर परिश्रम ज्ञान-संस्कृति और नैतिक मूल्यबोध का परिणाम है ।अब आवश्यकता है कि इस बौद्धिक शक्ति को जीरो डिफेक्ट - जीरो इफेक्ट के सिद्धांत से जोड़ा जाए, ताकि भारत की कार्यसंस्कृति विश्व के लिए एक मानक बने। यही वह मार्ग है जो भारत पर लगाए जा रहे टैरिफ जैसे आर्थिक स्पीड ब्रेकर अस्त्रों को निष्प्रभावी कर सकता है ।यदि भारत को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभानी है, तो शासकीय और निजी दोनों क्षेत्रों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी को यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार राष्ट्र की सबसे बड़ी कमजोरी है ।अल्पकालिक व्यक्तिगत सुख सुविधा या स्वार्थ के लिए लिया गया एक भी गलत निर्णय देश की दीर्घकालिक साख को चोट पहुँचाता है ।जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट का वास्तविक अर्थ तभी साकार होगा जब कार्यप्रणाली में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही होगी ।निजी हित को परे रखकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देना आज कोई आदर्शवादी कल्पना नहीं, बल्कि आर्थिक और नैतिक अनिवार्यता बन चुकी है ।जब कर्मचारी, उद्यमी और अधिकारी अपने दायित्व को राष्ट्र-निर्माण से जोड़ेंगे, तभी भारत पुनः सोने की चिड़िया की संज्ञा को आधुनिक संदर्भ में सार्थक कर पाएगा न केवल त्रेता युग या सतयुग की कल्पना के रूप में, बल्कि इक्कीसवीं सदी की आर्थिक और तकनीकी वास्तविकता के रूप में भी भारत का हर नागरिक अपने जीवन को स्वर्ग से सुंदर बना सकते हैं।




साथियों बात अगर हम मेक इन इंडिया और जीरो डिफेक्ट -जीरो इफेक्ट का अभिन्न संबंध इसको समझने की करें तो मेक इन इंडिया तब तक पूर्ण नहीं हो सकता, जब तक उसके केंद्र में जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट का दर्शन न हो। विनिर्माण, उत्पादन आपूर्ति श्रृंखला, सेवा क्षेत्र और पर्यावरण हर गतिविधि में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है ।गुणवत्ता में कोई दोष न हो और पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े यही आधुनिक विकास का वैश्विक मानदंड है ।जब भारत में निर्मित वस्तुएँ और सेवाएँ गुणवत्ता, विश्वसनीयता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बनेंगी, तब मेड इन इंडिया केवल एक टैग नहीं, बल्कि भरोसे की मुहर बन जाएगा। दुनियाँ यह कहने लगे कि यदि कोई उत्पाद लेना है, तो भारत में निर्मित उत्पाद ही लेना चाहिए, क्योंकि वह सर्वोत्तम है, टिकाऊ है और नैतिक उत्पादन का सटीक उदाहरण है।



गोंदिया

साथियों बात अगर हम विश्व गुरु की अवधारणा और विजन 2047 इसको समझने की करें तो, यदि विश्व में यह धारणा स्थापित हो जाती है कि भारत की वस्तुएँ और सेवाएँ गुणवत्ता में बेजोड़ हैं, तो भारत का विश्व गुरु बनना कोई दूर का सपना नहीं रहेगा। विजन 2047 जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा तब तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तभी प्राप्त होगा, जब विकास केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि मानसिकता और मूल्यों में भी दिखाई दे ।भारत की अर्थव्यवस्था का दसवें स्थान से चौथे स्थान तक पहुँचना यह संकेत देता है कि दिशा सही है। अब समय है कि युवा मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की कमान स्वयं संभालें। नेतृत्व केवल पद से नहीं, बल्कि दृष्टि, कौशल और चरित्र से आता है। साथियों बात अगर हम टेक- आत्मनिर्भर भारत :अगली बड़ी छलांग इसको समझने की करें तो, आने वाले दशक का सबसे बड़ा फोकस टेक-आत्मनिर्भर भारत होना चाहिए ।नवाचार अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, रक्षा तकनीक, हरित ऊर्जा, बायोटेक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता भारत की रणनीतिक सुरक्षा और आर्थिक मजबूती दोनों के लिए आवश्यक है ।अब समय आ गया है कि भारत की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए और नए उत्पादों का विकास तेजी से किया जाए। ये उत्पाद केवल सस्ते नहीं, बल्कि श्रेष्ठ होने चाहिए, जीरो डिफेक्ट- जीरो इफेक्ट के सिद्धांत पर आधारित। भारत के युवाओं की प्रतिभा ही आत्मनिर्भर भारत के इस विजन का नेतृत्व करेगी और विश्व को बताएगी कि नवाचार का नया केंद्र अब भारत है।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय हित, स्पष्ट इरादे और ईमानदार प्रयास इसको समझने की करें तो, भारत तेजी से दुनियाँ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है ।लेकिन आर्थिक आकार तभी सार्थक होगा जब उसके पीछे राष्ट्रीय हित को समर्पित दृष्टिकोण होगा। चाहे हम राष्ट्र-राज्य की सेवा में हों या निजी क्षेत्र में हम सबको भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनानी होगी ।यदि हर नागरिक यह संकल्प ले कि वह एक रुपये का भी भ्रष्टाचार नहीं करेगा, तो विजन 2047 की मंज़िल तक पहुँचने से भारत को कोई शक्ति नहीं रोक सकती। यह गति सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की भावना से आएगी। यह गति स्पष्ट इरादों और ईमानदार प्रयासों से जन्म लेगी।

साथियों बात अगर हम भारतीय प्रधानमंत्री का संदेशऔर युवाओं की भूमिका को समझने की करें तो पीएम द्वारा लाल किले से लेकर विभिन्न मंचों तक और 25 जनवरी 2026 के मन की बात कार्यक्रम में जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट पर दिया गया जोर यह स्पष्ट करता है कि यह केवल औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का आह्वान है। युवाओं के लिए यह संदेश विशेष रूप से रेखांकित करने योग्य है, क्योंकि भविष्य का भारत उन्हीं के हाथों में है ।आज जो अवसर, संसाधन और सुविधाएँ उपलब्ध हैं, संभव है भविष्य में वैसीपरिस्थितियाँ न रहें। इसलिए समय की मांग है कि निजी स्वार्थ छोड़कर राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाया जाए और मेक इन इंडिया को अभूतपूर्व प्रतिसाद दिया जाए। साथियों बात अगर हम टैरिफ की दीवारें और भारतीय गुणवत्ता की ताकत इसको समझने की करें तो यदि भारत जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट के मंत्र पर ईमानदारी से चलता है तो कोई भी देश, चाहे वह अमेरिका ही क्यों न हो 100,500 या 1000 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए, भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग को रोक नहीं सकता ।जब गुणवत्ता निर्विवाद होगी, तो टैरिफ की दीवारें स्वयंकमजोर पड़ जाएँगी दुनियाँ तब भारतीय उत्पादों को इसलिए खरीदेगी क्योंकि वे श्रेष्ठ हैं, टिकाऊ हैं और भरोसेमंद हैं। भारत में निर्मित वस्तुओं का ऐसा सिक्का जमेगा कि टैरिफ का बंधन भी उसे रोक नहीं पाएगा। यही स्थिति भारत के विकास और विजन 2047 की यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मंत्र के सहयोगसे मिशन तक पहुंचने की यात्रा हम आसानी से पूरी कर सकते हैंजीरो डिफेक्ट- जीरो इफेक्ट आज एक मंत्र नहीं, बल्कि मिशन बन चुका है ।यह मिशन भारतीय युवाओं की सोच, कार्य और नेतृत्व को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का आह्वान करता है ।यदि भारत का हर युवा इसे अपने जीवन और कार्यशैली का हिस्सा बना ले, तो न केवल भारत आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि दुनियाँ के लिए एक नैतिक, टिकाऊ और विश्वसनीय विकास मॉडल भी प्रस्तुत करेगा ।विजन 2047 कोई सपना नहीं, बल्कि एक साकार होने योग्य लक्ष्य है, बशर्ते हम आज सही संकल्प लें, सही दिशा चुनें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। यही भारत की शक्ति है, यही भारत का भविष्य हैं।

## मोनिका डागा

## वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025



### कविता

नई ऐतिहासिक जीत के जश्न का दमदार आगाज किया है,
घर में छुपी बंद मुस्कुराहटों को बिखेरने का साज दिया है,
बेटियों ने बेटियों को भविष्य का एक सुंदर ख़्वाब दिया है,
बुलंद हौसलों से कठिनाइयों को मुँह तोड़ जवाब दिया है ।

तोड़कर बंदिशें तपस्या से दृढ़ संकल्प को संजीव किया है,
प्रतिभाशाली व्यक्तिव से जड़ों को मजबूत अतीव किया हैं
ख़्वाबों को हक ीकत की धरातल पर श्रम से रंगीन किया है,
खुशियों के ऑसू दे धड़कनों को ₹आनंद₹ यूँ नवीन दिया हैं ।

पैनी नजर लक्ष्य की पकड़ संग धैर्य का समावेश किया है,
हार को जीत में ढालना है संभव श्रेष्ठतम परिवेश दिया हैं,
आत्म विश्वास और उत्साह की किरणों का प्रकाश दिया हैं,
अरबों आंखों में पल रहे रंगीन सपनों को आकाश दिया है ।

सपीलें रास्तों पर पसीने का चमकता शीतल चंदन दिया है,
भारत का ही नहीं विश्व की धड़कनों को नया स्पंदन दिया है,
संगठन की ताकत और समर्पण का जज्बा प्रस्तुत किया है,
जीत कर वूमेन्स वर्ल्ड कप अलग उदाहरण अद्भुत दिया हैं ।

खुद पर करना होगा यकीं ऐसा महत्वपूर्ण अभ्यास दिया हैं,
जोर शोर हिलोर मचाने को रचने को नया इतिहास दिया है,
नीली जर्सी में बेटियों ने शानदार जीत को अंजाम दिया हैं,
दबी चाहतों को अर्जुन के तीर सा लक्ष्यभेदी पैगाम दिया हैं ।

# त्योहारों पर मेहमानों को खिलाएं 5 फ्लेवर का पोटली समोसा, हर कोई पूछेगा रेसिपी



समोसा खाना लगभग हम सभी को पसंद होता है। लेकिन अगर आप भी आलू वाला समोसा खाकर बोर हो गई हैं। तो अब आप थोड़ा नया और मजेदार पोटली समोसा ट्राई करें। जितना प्यारा इसका नाम है, उतना ही इसका लुक और टेस्ट भी लाजवाब होता है। समोसा खाना लगभग हम सभी को पसंद होता है। यह एक परफेक्ट स्नैक है, लेकिन अगर आप भी आलू वाला समोसा खाकर बोर हो गई हैं। तो अब आप थोड़ा नया और मजेदार पोटली समोसा ट्राई करें। जितना प्यारा इसका नाम है, उतना ही इसका लुक और टेस्ट भी लाजवाब होता है। गोल-गोल छोटी पोटली जैसी शेप में बना यह समोसा अंदर से टेस्टी और क्रिस्पी होता है। खास बात यह है कि आप इसको 5 अलग-अलग फ्लेवर में तैयार कर सकती हैं। जिससे कि हर बार इसका स्वाद अलग और नया लगे। आप त्योहारों में इसको स्नैक्स की तरह भी बना सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कौन-कौन से फ्लेवर में पोटली समोसा बनाकर तैयार कर सकती हैं। वहीं यह मेहमानों को भी बेहद पसंद आएगा।

**आलू मसाला पोटली समोसा:** आलू मसाला वाला पोटली समोसा सबसे पसंदीदा और क्लासिक फ्लेवर है। इसको बनाने के लिए उबले आलू, हरी मिर्च, मटर, अदरक और थोड़ा सा गरम मसाला मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें। अब पतली मैदा की पोटली बनाकर फीलिंग करें और इसके किनारे को पोटली शेप दें। अब तेल में इसको सुनहरा होने तक तलें। इस समोसे का स्वाद करीब-करीब हर किसी को पसंद आएगा।


**पनीर पोटली समोसा:** अगर आप भी रिच फ्लेवर चाहती हैं, तो आपको एक बार पनीर पोटली समोसा ट्राई करना चाहिए। इसके लिए पनीर को मैश या ग्रेट करके इसमें हरी मिर्च, धनिया, प्याज और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें। आप चाहें तो इसमें चीज भी मिला सकती हैं। अब इसको पोटली की तरह बंद कर दें। यकीनन पनीर पोटली समोसा बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएगा।

**वेज मिक्स पोटली समोसा:** अगर आपके बच्चे भी सब्जियां खाने में आनाकानी करते हैं, तो आप उनको वेज मकि?स पोटली समोसा बनाकर खिला सकती हैं। इसको बनाने के लिए बीन्स, मटर, गाजर, पत्तागोभी और कॉर्न जैसी सब्जियों को बारीक काटकर हल्का भून लें। फिर इसमें काली मिर्च, नमक और थोड़ा सा सोया सॉस डालें। यह फ्लेवर इंडो चाइनीज जैसा लगेगा। वहीं बच्चे भी इसको स्वाद लेकर खाएंगे।

**ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसा:** अगर आप भी त्योहारों के मौसम में मेहमानों और बच्चों को कुछ रॉयल बनाकर खिलाना चाहती हैं, तो आप ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसा ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए बादाम, किशमिश, काजू, खोया और इलायची पाउडर मिलाकर स्टफिंग तैयार करें। फिर इसकी पोटली बांधकर घी में फ्राई करें। फिर ऊपर से शहद या फिर चीनी की हल्की चाशनी डाल दें। यह मीठा पोटली समोसा खाने में बेहद टेस्टी होता है।

**चीज-गार्लिक पोटली समोसा:** अगर आप चीज लवर हैं, तो चीज-गार्लिक पोटली समोसा आपके लिए बना है। इसके लिए बटर में थोड़ा सा लहसुन भून लें और लहसुन को मैश करके इसमें ओरेगानो, चीज और थोड़ा सा नमक मिलाएं। ये स्टफिंग पोटली समोसे को जबरदस्त टेस्ट देगा। इसको डीप फ्राई करें और सर्व करें। वहीं बच्चों को चीज गार्लिक पोटली समोसे का स्वाद काफी पसंद आएगा।

# कम मेहनत में जले बर्तनों को चमकाने का राज, ये 3 हैक्स कर देंगे काम आसान



कई बार ऐसा होता है कि जाने-अंजाने में खाना बनाते समय बर्तन जल जाते हैं। इन जले हुए बर्तनों को साफ करना काफी मुश्किल काम लगता है। आज हम आपको 3 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप किचन के जले हुए बर्तनों को आसानी से नए जैसे चमका सकती हैं। कई बार ऐसा होता है कि जाने-अंजाने में खाना बनाते समय बर्तन जल जाते हैं। इन जले हुए बर्तनों को साफ करना काफी मुश्किल काम लगता है। डिटर्जेंट और स्क्रब से भी जले हुए बर्तन आसानी से नहीं साफ होते हैं। ऐसे में अगर आपसे भी खाना बनाते समय बर्तन जल जाते हैं, जिनको साफ करना मुश्किल होता है, तो अब इन बर्तनों को आप चुटकियों में साफ कर सकती हैं। वह भी बिना ज्यादा मेहनत के इन बर्तनों को नए जैसे चमकदार बना सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप किचन के जले हुए बर्तनों को आसानी से नए जैसे चमका सकती हैं।

**सिरका और बेकिंग सोडा:** अगर किचन के बर्तन जल गए हैं, तो इन बर्तनों को साफ करने के लिए 2-3 चम्मच बेकिंग सोडा जले हिस्से में डालें। फिर इसके ऊपर 1-2 चम्मच सफेद सिरका डालें। फिर इसको 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद स्पंज या फिर ब्रश की मदद से हल्के हाथों से बर्तन को साफ करें। इस नुस्खे से बर्तन नए जैसे चमकने लगेंगे।

**बेकिंग सोडा और पानी:** बर्तनों को साफ करने के लिए बेकिंग सोडा भी मददगार होता है। अगर जले हुए बर्तन साफ नहीं हो रहे हैं, तो बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को बर्तन के जले हुए हिस्से में लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर साफ पानी से बर्तन को धोकर साफ कर लें। इस आसान तरीके से बर्तनों में नए जैसी चमक आएगी और जला हुआ दाग भी आसानी से निकल जाएगा।

**साबुन और गरम पानी:** जले हुए बर्तनों को साफ करने के लिए गरम पानी में डिटर्जेंट मिलाएं। फिर 15-20 मिनट के लिए इन बर्तनों को पानी में भिगोकर रखें। अब स्पंज से धीरे-धीरे रगड़ें। इस दौरान ध्यान रखें कि बर्तनों को तेजी से न रगड़ें। आप ऊपर बताए गए इन तरीकों से जले हुए बर्तनों को आसानी से चमका सकती हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवता महाविद्यालय मोरना, बिजनौर
सम्बद्ध : एमजेपीआरयू
बीए, बीएससी, एम.कॉम, एमए, एमएससी, एम. कॉम
डीएलएड बीएड
नोट : छात्र-छात्राओं के लिए एनसीसी एवं एनएसएस की सुविधा। सभी विषय पाठ्यक्रमों में प्राइवेट फॉर्म भरने की सुविधा।
श्री विरेन्द्र कुमार सिंह
सचिव


26 JANUARY
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जो भरा नहीं है भावों से
जिसमें बहती रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।
निवेदकः- गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल धामपुर रोड, नूरपुर (बिजनौर)


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अशोक वर्मा मानापुर छेतरी
मिर्जामुराद वाराणसी उत्तर प्रदेश


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप तिवारी,पत्रकार कछवारोड़
मिर्जामुराद वाराणसी उत्तर प्रदेश


ग्राम प्रधान मो. जाकिर
की ओर से सभी पंचायतवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं!


जय हिन्द
जय भारत
आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
26 जनवरी
आभा फाउंडेशन
के आगामी कार्यक्रम
22 फरवरी 2026
सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम
15 मार्च 2026
साइकिल वितरण कार्यक्रम
abha FOUNDATION
आभा सिंह
संस्थापिका- आभा फाउंडेशन
प्रबंधक- फादरसन पब्लिक स्कूल
Fatherson Public School
34 Year of Excellence in Education
(Affiliated to The C.B.S.E. New Delhi)
Classes- Kids to XII
Bijnor Road, Siou, Chandpur, Bijnor- 246725
8923048444, 9837270218
fpschandpur@gmail.com
fps.ac.in
आभा फाउंडेशन "सेवा ही संकल्प"


चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सैकेंड्री स्कूल नूरपुर (बिजनौर)
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव गोयल
प्रधानाचार्य
प्राज्ञ गोयल
(प्रबंधक)
सत्यवीर गुप्ता
संस्थापक


सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी, रामपुर
डॉ. दीपा सिंह
सीएमओ, रामपुर


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
जय हिंद
जय भारत
दिलदार अहमद
ग्राम प्रधान, किशोरपुर,
रम्मनवाला


मुस्कान नर्सिंग होम डॉक्टर दानिश अहमद व डॉक्टर रूहीना दानिश अकबराबाद चौक नगीना बिजनौर की ओर से सभी क्षेत्र वासियो व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


जय जवान
जय किसान
भारतीय निर्वाचन आयोग में पंजीकृत
ऑल इण्डिया
हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी उ0प्र0
की ओर से सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
26 जनवरी 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
पं० बुद्धप्रकाश शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
पं० गोपाल शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष, उ0प्र0
सचिन गोयल
प्रदेश सचिव



देश,प्रदेश,जनपद व ग्राम वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
26
हाजी वसी अहमद खान
डायरेक्टर - दी शान सेंट्रल एकेडमी
दुधारा, संतकबीरनगर




देश,प्रदेश,जनपद व ग्राम वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
26
डॉ. अख्तर हुसेन खान क़ासमी
मैनेजिंग डायरेक्टर- ओकाशा हॉस्पिटल दुधारा जनपद संतकबीरनगर




समस्त ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से
अफजाल अहमद
ग्राम पंचायत प्रधान- सेहुड़ा
विकास खण्ड - सेमरियावां
जनपद - सन्त कबीर नगर




देश,प्रदेश,जनपद व ग्राम वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
26
डी. एन. यादव
संचालक - जगराम यादव इंटरमीडिएट कॉलेज
मुनई यादव सोमना देवी डिग्री कॉलेज हुज़ुरा सुहावा, संतकबीरनगर




गणतंत्र दिवस
पर छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं
व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
हजरते फात्मा गर्ल्स इंटर कालेज सालेहपुर
विकास खंड सेमरियावां संतकबीरनगर
अल-फातिमा ग्लोबल एकडेमी सालेहपुर
विकास खंड सेमरियावां-संतकबीरनगर
प्रबंधक - सैयद निज़ाम अशरफ




गणतंत्र दिवस
पर छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं व
अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
सनाबिल गर्ल्स इंटर कॉलेज
रसूलपूर मुंडाडीहा बेग
एसेंट पब्लिक स्कूल
मुंडाडीहा बेग विकास खंड सेमरियावां
संस्थापक : हाजी मोहम्मद सलीम
प्रबंधक : मोहम्मद आसिम
सह प्रबंधक: हाफ़िज़ मोहम्मद कासिम




देश,प्रदेश,जनपद व ग्राम वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
26
मोहम्मद अहमद खान
डायरेक्टर दी मार्डन पब्लिक स्कूल दुधारा, संतकबीरनगर
नोट- सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त कक्षाओ में प्रवेश प्रारम्भ है





26 JANUARY
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
सतीश कुमार साहनी
कांग्रेस प्रदेश कार्यकरणी सदस्य /प्रदेश
उपाध्यक्ष, कांग्रेस फिशरमैन कमेटी उ.प्र
विधान सभा, मेहदावल (312)




आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी
शुभकामनाएं
अब्दुल कलाम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- दुधारा
जनपद
संतकबीरनगर




आप सभी को
नव वर्ष एवं
HAPPY मकर संक्रांति
LIFE LINE HOSPITAL
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ0 शाहरुख अहमद सिद्दीकी
M.D. of Life Line Hospital
Reg No. RMEE2447592
लाईफ लाईन हास्पिटल & अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर
पता- हीरो एजेन्सी के ठीक सामने, छपिया माफी रोड
घोरहा, सेमरियावां बाजार, संत कबीर नगर (उ.प्र.)
सम्पर्क करें:-
इमरजेन्सी में मरीज 24 घण्टे देखे जाते हैं।
8574927484, 9721720588

AL-HIDAYAH
GROUP OF PUBLIC SCHOOLS
GUIDANCE EDUCATIONAL WELFARE SOCIETY
Nisar Ahmad
Manager, AHPS
Happy
REPUBLIC DAY
26TH JANUARY
Wishing everyone a Republic Day filled with
prosperity, unity, and success.
HEAD OFFICE : SEMARIYAWAN BAZAR, SANT KABIR NAGAR
BRANCH OFFICE : MEERPUR, KARHI, SANT KABIR NAGAR
CONTACT : 9838 434 044 8795 767 663

# भारतीय किसान एकता शक्ति का संगठनात्मक विस्तार, प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान ने उठाए ज्वलंत मुद्दे

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**गौतम बुद्ध नगर।** भारतीय किसान एकता शक्ति का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक विस्तार प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान के नेतृत्व में, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा एवं जिला अध्यक्ष पुलकित सिंगल की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष ने जिला गौतम बुद्ध नगर सहित उत्तर प्रदेश से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर मीडिया को संबोधित किया।प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान ने प्रदेश में व्याप्त भ्रष्ट व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि किसानों, मजदूरों और युवाओं की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने युवराज मेहता की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं।उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों से किसान आंदोलनरत हैं, लेकिन अब तक शासन या प्रशासन स्तर पर किसी प्रकार का ठोस समाधान नहीं निकाला गया है, जो बेहद चिंताजनक है। किसान अपने हक और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है।इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए निम्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई गजेंद्र सिंह प्रदेश संरक्षक मोहम्मद रियाज जिला अध्यक्ष, मजदूर सभा गौतम बुद्ध नगर एवं प्रभारी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा संजीव नायक – जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा गौतम बुद्ध नगर राहुल शर्मा युवा मेरठ मंडल अध्यक्ष लटूर सिंह नागर ब्लॉक अध्यक्ष, दादरी प्रदेश सचिव के रूप में हिमांशु यादव, बबलू राजू एवं गजराज सिंह की नियुक्ति की गई, जबकि रविंद्र नायक को जिला उपाध्यक्ष, गौतम बुद्ध नगर बनाया गया।इसके अतिरिक्त माणिक चंद, हिमांशु यादव, गजराज सिंह, राजू, बबलू, भूपेंद्र शर्मा एवं अजय शर्मा को संगठन में सक्रिय जिम्मेदारियां सौंपी गईं।इस मौके पर संगठन की विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय किसान एकता शक्ति की सदस्यता ग्रहण की। संगठनात्मक स्तर पर उनकी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार उन्हें शीघ्र ही प्रदेश, जिला एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उपयुक्त दायित्व सौंपे जाएंगे।कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय किसान एकता शक्ति किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज को पूरी मजबूती के साथ उठाती रहेगी।






## गोपाल शर्मा बने रानी लक्ष्मीबाई केसरिया माधव संस्थान के राष्ट्रीय सचिव

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़/कानपुर।** रानी लक्ष्मीबाई केसरिया माधव संस्थान के चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा के दिशानिर्देश पर एवं राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रभारी रंगनाथ तिवारी के अनुमोदन के उपरांत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार द्विवेदी ने हापुड़ (उ.प्र.) निवासी पंडित गोपाल शर्मा को राष्ट्रीय सचिव पद पर तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया है।संस्थान के प्रति पंडित गोपाल शर्मा की निष्ठा, लगन एवं निरंतर सक्रिय कार्यों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा होते ही संगठन में हर्ष का माहौल है।नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई केसरिया माधव संस्थान की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ संस्थान की विभिन्न कार्य योजनाओं को उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में प्रभावी ढंग से लागू कराने हेतु निरंतर प्रयास करेंगे, ताकि संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।उधर, हापुड़ जनपद में पंडित गोपाल शर्मा की राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्ति की सूचना मिलते ही शुभचिंतकों, सामाजिक संगठनों एवं समर्थकों द्वारा दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## बरसाना धाम में 101 कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह, सामाजिक समरसता की मिसाल बना आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**दिल्ली / बरसाना (मथुरा)।** सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता की अनुपम मिसाल प्रस्तुत करते हुए श्री बरसाना धाम फाउण्डेशन द्वारा मथुरा के पावन तीर्थ बरसाना धाम स्थित माता जी की गौशाला (रमेश बाबा की गौशाला) में 101 कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह समारोह विधि-विधान, श्रद्धा और जनसहयोग के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत फाउण्डेशन की सहयोगी संस्थाओं ब्रज प्रभात सेवा संस्थान, छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण एवं शिक्षा प्रचार समिति तथा यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के सहयोग से आयोजित किया गया।इस अवसर पर श्री बरसाना धाम फाउण्डेशन के चेयरमैन एवं यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा कि यह सामूहिक विवाह केवल वैवाहिक बंधन नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्ग की बेटियों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ जीवन की नई शुरूआत देने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में कन्यादान महादान है और यह आयोजन उसी परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है। गोयल ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक फाउण्डेशन द्वारा 333 कन्याओं का विधिवत कन्यादान एवं सामूहिक विवाह संपन्न कराया जा चुका है। साथ ही फाउण्डेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, वृक्षारोपण, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, बाल शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा एवं इंग्लिश स्पीकिंग जैसे सामाजिक सरोकारों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है।फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं सीएमडी, सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड प्रदीप अग्रवाल ने भावविभोर होकर कहा कि यह सब राधारानी की कृपा से संभव हुआ है। उनके आशीर्वाद और सभी सहयोगियों की निःस्वार्थ सेवा से 101 कन्याओं के जीवन में खुशियों का उजाला आया है। वहीं फाउण्डेशन के कोषाध्यक्ष व ज्वाइंट एमडी, सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड ललित अग्रवाल ने कहा कि इन बेटियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर देना ही हमारे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है।ब्रजभूमि की पावन धरा पर संपन्न यह सामूहिक विवाह समारोह न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि सेवा, संस्कार और सहयोग से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम में सत्यनारायण जाटिया (सदस्य, केंद्रीय संसदीय बोर्ड समिति, भाजपा), रविकांत गर्ग (पूर्व ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), धर्मदास महाराज, गोविन्द शास्त्री, नरेश मित्तल, मनोज, अशोक त्यागी, रजनीश गोयनका, सुनील मित्तल, धीरज गुप्ता, नरेश अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, कन्हैया लाल गोयल, मनदीप गोयल, दिनेश बजरंगी, जय प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## 85वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर अंजलि मावी का भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़। 85वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन करने वाली होनहार एथलीट अंजलि मावी का उनके पैतृक ग्राम फतेहपुर मतनौरा में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम समाज के सम्मानित नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अंजलि मावी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।स्वागत समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर व चौधरी तेज सिंह, व समाजवादी पार्टी के सक्रिय नेता नैना सिंह गुर्जर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अंजलि मावी की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समाजवादी पार्टी के नेता नैना सिंह गुर्जर ने अंजलि मावी को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि अंजलि की सफलता से क्षेत्र की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान एडवोकेट संजीव गुर्जर ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अंजलि मावी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि अंजलि की यह उपलब्धि पूरे गांव और जनपद के लिए गर्व की बात है।इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और अंजलि मावी के सम्मान में गांव का माहौल हर्षोल्लास से भर गया।

## ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हापुड़ देहात पुलिस ने अवैध असलहे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ के निदेशानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर घबराया, जिसे शक के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ।पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध की रोकथाम एवं कानून–व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं से जागरूक मतदान का आह्वान

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिकंदराबाद नगर स्थित दामोदर दास कबाड़ी कन्या इंटर कॉलेज में मेरा युवा भारत, बुलंदशहर के तत्वावधान में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मीराज सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने उपस्थित मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा भारत, मेरा वोट की भावना के साथ प्रत्येक नागरिक को विवेक, जागरूकता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सक्रिय मतदान से ही राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को मजबूती मिलती है। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमारे सशक्त लोकतंत्र के उत्सव का प्रतीक है, जो देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी को निरंतर सशक्त करता रहे–यही हमारी कामना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की युवा-केंद्रित नीतियों एवं एक भारतश्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागी बनाना है।

## राज्य सरकार ने मोहिनी, शिप्रा राठी, मानसी, स्नेहिल को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में मथुरा की उन प्रतिभाओं का अभिनंदन किया गया जिन्होंने अपने कार्यों से व दक्षता से ब्रज का गौरव बढ़ाया है। इन सभी विभूतियों को सरकान द्वारा सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस का यह भव्य आयोजन बीएसए कॉलेज के सभागार में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि व मथुरा के प्रभारी व बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ मथुरा-वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने संयुक्त रूप से मंच पर सभी प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर वृंदावन की सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं कथावाचक मोहिनी कृष्णदासी, खजानी वूमेन्स इंस्टिट्यूट की संचालिका श्रीमती शिप्रा राठी, कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन का संचालन करने वाले सार्वजनिक शिक्षान्नयन संस्थान? की अध्यक्ष स्नेहिल पांडे तथा सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं प्रशिक्षिक सुश्री मानसी राजपूत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मथुरा जिला प्रशासन और योगी सरकार को इन प्रतिभाशाली महिला और पुरुषों पर गर्व है। इन सभी ने समाज में उल्लेखनीय योगदान देकर अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है व लंबे समय से ब्रजवासियों के लिए काम किया है।

## मनरेगा मजदूर राहुल गांधी के साथ संगठित हों: ठाकुर राकेश भाटी

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर रविवार को मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल की बैठक बुलंदशहर सदर ब्लॉक के गांव चरौरी में पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी की अध्यक्षता एवं प्रज्ञा गौड़ जिला डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें गांव चरौरी के आसपास से जुड़े जॉब कार्ड मनरेगा मजदूर सम्मिलित हुए चौपाल को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ द्वारा केंद्र सरकार पर मजदूर को मनरेगा में बदलाव कर खत्म करने का आरोप लगाते हुए उन्हें अडानी और अंबानी के पक्ष में काम करते हुए किसान नौजवान के बाद मजदूर के हकों पर डाका डालते हुए बर्बाद करने की बात कह कर मजदूरों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ खड़े होकर मनरेगा को बचाने का आह्वान किया चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव अनिल शर्मा ने कांग्रेस द्वारा चलाई जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल अभियान को बुलंदशहर के प्रत्येक न्याय पंचायत में बूथ स्तर पर मनरेगा जॉब कार्ड धारक मजदूरों को संगठित होने के साथ-साथ कांग्रेस की 10 जनवरी से 25 फरवरी तक मनरेगा बचाव महिम को से जोड़कर सफल करने के साथ-साथ भाजपा को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ संगठित होकर मुंह तोड़ जवाब देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम में हुए बदलाव के मनरेगा के प्रावधानों में बदलाव कर ग्राम पंचायत गरीब को कमजोर कर किसान के बाद मजदूर के साथ धोखा करने का आरोप लगाया।

## कल्याणं करोति नेत्र संस्थान बना अंधता निवारण का भरोसेमंद केंद्र

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** समाज से अंधता मिटाने के उद्देश्य को लेकर जचौंदा स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान निरंतर सेवा और समर्पण की मिसाल कायम कर रहा है। जरूरतमंद नेत्र रोगियों को निश्शुल्क उपचार उपलब्ध कराकर संस्थान पीड़ितों के जीवन में नई रोशनी ला रहा है। संस्थान की सेवाएं आज क्षेत्र में आशा की किरण के रूप में देखी जा रही हैं।

ये विचार स्वर्गीय नरेंद्र अग्रवाल की स्मृति में फार्मट्रैक ओफ्थलमिक्स मुंबई के सौजन्य से आयोजित निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने व्यक्त किए।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में फार्मट्रैक ओफ्थलमिक्स के कंट्री हेड मयंक सिंह ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान की पारदर्शी और निष्कलंक सेवा भावना के चलते कंपनी को निरंतर सहयोग का अवसर मिलता रहा है। वहीं रीजनल सेल्स एग्जीक्यूटिव कीर्ति गोविंद और रीजनल सेल्स मैनेजर विशाल ने समाज के सक्षम वर्ग से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्यामलाल मुखराई, पूर्व प्रधान मानपाल मुखराई तथा प्रधान प्रतिनिधि बबलू ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रसिक मुखिया ने कहा कि समाजहित में कार्यरत सेवाभावी संस्थाओं को हर वर्ग का सहयोग मिलना चाहिए, जिससे ऐसे सेवा कार्यों का दायरा और व्यापक हो सके। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संस्थान के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान समाज के सहयोग से समाज के लिए स्थापित किया गया है।



# सीएम योगी ने ब्रज की धरा पर भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वृंदावन स्थित पवन हंस हेलीपैड में आगमन हुआ। पवन हंस हेलीपैड से माननीय मुख्यमंत्री जी सीधा वृन्दावन स्थित अक्षयपात्र (चन्द्रोदय मंदिर) पहुंचे। अक्षयपात्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के संग माननीय प्रधानमंत्री के ह्यमन की बात' कार्यक्रम को सुना। दिनांक 25 जनवरी 2026 को उक्त 'मन की बात' कार्यक्रम का 130वां संस्करण था, जो प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुआ था। मन की बात आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाने वाला एक कार्यक्रम है, जिसके जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के नागरिकों को संबोधित करते हैं। वृंदावन के अक्षयपात्र में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री ने पहली बार उत्तर प्रदेश के दौरे पर पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का ब्रज की धरा पर स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को संबोधित करते हुए राधे-राधे, वृंदावन बिहारी लाल, श्री राधा रानी, यमुना मैया, हर-हर महादेव, जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा वंदे मातरम्की गूंज के साथ आध्यात्मिक व राष्ट्रवादी चेतना का संचार करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं। बिहार विधानसभा में पांचवीं बार विधायक के रूप में सेवाए दे रहे हैं। संगठन के विभिन्न पदों का निर्वहन करने के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा ने नितिन नबीन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व दिया है। इस दायित्व के पश्चात योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन धरा पर उनका प्रथम आगमन आह्लादकारी क्षण है। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कार्यक्रम में कहा कि ब्रज प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव आदि तीर्थ हजारों वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा हैं। यहां के रज-रज, कण-कण में श्रीकृष्ण, श्री राधा रानी और हजारों वर्षों की विरासत का अंश श्रद्धालु आज भी ढूंढते हैं। उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पावन जन्मभूमि भी मथुरा में पड़ती है। माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ब्रज भूमि भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ ही विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए बढ़ रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यूपी अब ह्यबीमारूह्ण नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर संबल बन रहा है। पांच साल से अधिक समय से यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में है। डबल इंजन सरकार डबल स्पीड के साथ बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को धरातल पर उतारती है। हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराती है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ बिना भेदभाव के वंचित, नौजवान, किसान, महिलाओं समेत हर तबके को वरीयता के आधार पर शासन की योजना का लाभ दे रही है। डबल इंजन सरकार के माध्यम से यूपी में विकास की योजनाओं को बिना भेदभाव गांव से शहर तक, प्रत्येक जगह प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष श्संतोष, जिला प्रभारी अशोक कटारिया, महापौर विनोद अग्रवाल, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक मथुरा श्रीकांत शर्मा, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, विधायक मांट राजेश चौधरी, एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव तथा जनपद के आम जनमानस उपस्थित रहे।




## गोवर्धन के सोन मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में हुआ भूमि पूजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र के सोन मंडल में आगामी 3 फरवरी 2026 को महाराजा कॉलेज, पाली डुंगरा में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में सकल हिंदू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में विधिवत भूमि पूजन, हवन-यज्ञ एवं धर्म ध्वजा स्थापना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों में विशेष उमंग देखने को मिली। पूजा-यज्ञ का विधिवत संचालन हनुमान दास जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा स्थापना के माध्यम से कार्यक्रम स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित किया गया तथा हिंदू समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक (कोसी) कुश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन समाज को जोड़ने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने तथा संगठनात्मक एकता को सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है और भावी पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की दिशा मिलती है। इस अवसर पर विष्णु शर्मा, श्यामसुंदर उपाध्याय, भानु पाराशर, कान्हा चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, देवेश, लड्डू, जनार्दन शर्मा, हीरा सिंह कुंतल, कपिल सेठ, तिलक सिंह कुंतल, सहित सोन मंडल के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली। भूमि पूजन एवं हवन-यज्ञ के उपरांत आयोजित भव्य हिंदू जन चेतना बाइक रैली का शुभारंभ हिंदू सम्मेलन के पालक ज्ञानेंद्र सिंह राणा द्वारा किया गया। रैली का नेतृत्व विपिन सिंह (प्रमुख) ने किया।

इस अवसर पर अमित ल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के संयोजक हेमराज कुंतल हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा गांव-गांव जाकर हिंदू समाज को जागृत करने, आपसी समरसता बढ़ाने तथा 3 फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाली गई।

## अहमदगढ़ में भाजपा नेता की 4 वर्षीय बच्ची के बेखौफ अपहरण की घटना ग्रामीणों की सूझबूझ से हुई असफल

अहमदगढ़/बुलंदशहर/ थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के कस्बा अहमदगढ़ में शनिवार देर शाम घर के बाहर खेल रही भाजपा नेता की चार वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया गया आरोपी बच्ची को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जा रहा था लेकिन उसकी बाइक खराब हो गई इसी दौरान बच्ची के परिजनों ने उसे आरोपी के चुंगल से छुड़ा लिया और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया यह अपहरण की घटना अहमदगढ़ के कोठी वाला मौहल्ले के निवासी पीड़ित भाजपा नेता लवकुश पंडित की बच्ची के साथ हुई है। भाजपा नेता ने बताया है कि शनिवार रात करीब 7:15 बजे उनकी 4 वर्षीय बेटी अंशिका शर्मा घर के बाहर गली में बच्चों के साथ खेल रही थी तभी एक बाइक पर सवार व्यक्ति वहां आया और उसकी चार वर्षीय बेटी को बाइक पर बैठाकर शिकारपुर के मुख्य मार्ग पर ले गया लेकिन गनीमत रही कि अचानक आरोपी की बाइक आनंद फौजी की दुकान के सामने तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई बाइक पर सवार व्यक्ति बच्ची के साथ वहीं गिर गया दुकान पर मौजूद पंकज चौधरी ने तुरंत अपने भतीजे मयंक को वीडियो कॉल कर बच्ची का चेहरा दिखाया मयंक ने बच्ची को पहचान लिया और बताया कि वह लवकुश चाचा की बेटी है पंकज ने मयंक को बताया कि एक व्यक्ति बच्ची को अपनी बाइक पर ले जा रहा था जिसकी बाइक उसकी दुकान के पास खराब हो गई है और उसने उसे रोक लिया है सूचना मिलते ही पीड़ित लवकुश पंडित के बड़े भाई चंद्रदेव सीटू शर्मा भतीजा मयंक भारद्वाज और पड़ोसी सोनू कुमार मौके पर पहुंचे उन्होंने बच्ची को आरोपी से छुड़ाया और उसका नाम पूछा तो आरोपी ने अपना नाम अरविंद पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम बाद थाना अहमदगढ़ बताया है परिजन आरोपी अरविंद को लेकर थाने पहुंचे और उसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करने के लिए नाम दर्ज तहरीर दी गई तो वहीं पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। *उधर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर इंडो नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, बॉर्डर पर कड़े सुरक्षा इंतजाम

असदुल्लाह सिद्दीकी

ककरहवा/सिद्धार्थनगर। गणतंत्र दिवस को लेकर भारत-नेपाल की 68 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। बढ़नी से ककरहवा बॉर्डर तक पुलिस, एसएसबी और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त जांच शुरू हो चुकी है। मुख्य बॉर्डर प्वाइंट्स पर हाई अलर्ट के साथ 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

वहीं, तस्करी और अवैध घुसपैठ के लिए इस्तेमाल होने वाली पगडंडियों पर भी अतिरिक्त बल तैनात कर सघन जांच की जा रही है। हर आने-जाने वाले व्यक्ति और सामान की गहन जांच के साथ सुरक्षा एजेंसियां एक-एक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।



गणतंत्र दिवस को देखते हुए जिले की 68 किलोमीटर सीमा चौकसी पिछले कई दिनों से बढ़ा दी गई। उल्लास के उत्सव में कोई संदिग्ध देशविरोधी तत्व देश में प्रवेश करके माहौल को खराब न कर दें। इसे देखते हुए जांच और निगरानी बढ़ाई गई है। सीमा पर लगातार विदेशी घुसपैठ करते हुए पकड़े जा रहे संदिग्धों के मद्देनजर कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसे लेकर सीमा क्षेत्र में डॉग स्क्वायड की मदद से एसएसबी लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है जबकि स्थानीय पुलिस भी अलर्ट मोड में रहकर पेट्रोलिंग बढ़ा चुकी है। संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सीमावर्ती गांवों में भी चौकसी बढ़ाई गई है ताकि किसी भी बाहरी तत्व की घुसपैठ को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियों के बीच रियल-टाइम को-ऑर्डिनेशन के तहत सूचनाओं का आदान-प्रदान तेज कर दिया गया है, जिससे किसी भी चुनौती से तुरंत निपटा जा सके। इस संबंध में एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि गणतंत्र दिवस को देखते हुए बार्डर पर 24 घंटे जांच और निगरानी की जा रही है।

## माघ मेला प्रयागराज में सतुआ बाबा के शिविर में ग्राम प्रधान राहुल केसरवानी ने लिया अनिरुद्धाचार्य महाराज का आशीर्वाद

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** पावन माघ मेला क्षेत्र में स्थित सतुआ बाबा के शिविर में कसेरूवा कला, सहसो (प्रयागराज) के ग्राम प्रधान राहुल केसरवानी (पूर्व प्रधान) ने पहुंचकर सुप्रसिद्ध संत अनिरुद्धाचार्य महाराज जी से शिष्टाचार भेंट की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके सहयोगी ठाकुर अमित सिंह एवं आशीष शुक्ला ने भी महाराज जी से आशीर्वाद लिया। अनिरुद्धाचार्य महाराज जी ने सभी को धर्म, सदाचार एवं जनसेवा के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्री हनुमान मंदिर का वार्षिक श्रृंगार, भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** शिवदासपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर का वार्षिक श्रृंगार भजन कीर्तन एवं भंडारे का विशाल आयोजन किया गया` सिंदुरिया कॉलोनी के जन सहयोग से प्रत्येक वर्ष इसका आयोजन होता है` इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, आर पी कुशवाहा, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लिमिटेड लखनऊ अध्यक्ष विजय राज यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा प्रदीप प्रजापति मंडल अध्यक्ष रोहनिया ने पूजा पाठ किया` प्रदीप कुशवाहा मंडल अध्यक्ष रोहनिया ने बताया हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को किया था उसी तर्ज पर हमारे कॉलोनी वासियो ने हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा शिवदासपुर में कराया था हर साल की भांति इस साल भी 22 जनवरी 2026 को पूजा पाठ और 23 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया गया। श्री हनुमान मंदिर का वार्षिक श्रृंगार भजन कीर्तन कार्यक्रम मे विशेष योगदान अनिल सिंह मुन्ना, अश्वनी दुबे, संजय तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, नवीन श्रीवास्तव का रहा` हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवदासपुर के लोगों ने बढ़ चढ़कर इसमें भाग लिया।



## एआईएमआईएम जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष इमरान बंटी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई

मोहम्मद कैफ/वेलकम इंडिया

जौनपुर एआईएमआईएम जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष इमरान बंटी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा के संगठन की समीक्षा तथा जिला पंचायत चुनाव पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी का प्रचार-प्रसार तथा बूथ तक संगठन का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों से उब चुका है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी को रोकने में समाजवादी पार्टी विधानसभा व लोकसभा के पाँच चुनाव में पूर्ण रूप से विफल रही है। जिससे मुस्लिम समाज का मोह समाजवादी पार्टी से पूरी तरह भंग हो चुका है। तथा मुस्लिम समाज तेजी के साथ एआईएमआईएम के झंडे के तले जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में बिना एआईएमआईएम के समर्थन के कोई अध्यक्ष नहीं बन पाएगा। इस मौके पर जिला महाचाचिव शाहनेयाज अहमद, इरशादअहमद, सचिव शाहंशाह खान, अमलेश राजभर, शहजादे अंसारी, सभासद अतीक अहमद, कोषाध्यक्ष कलीम हाशमी, कामरान अहमद, शाहगंज विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कैश, मुंगरा विधानसभा अध्यक्ष शाह आलम, जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष मुस्ताक हाशमी, मंडियाहूँ विधानसभा अध्यक्ष जुनैद हाशमी, युवा शाहगंज अध्यक्ष कमलेश गौतम, जिला कार्यकारी सदस्य डॉक्टर इरशाद अंसारी, रुद्रल यादव, राहुल गुप्ता, विजय पटेल, अबुशाद खान आदि।



## दिल्ली में जमुई के जिलाधिकारी को 'बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड'

एहसान अंसारी

**नई दिल्लीः** दिनांक 25.01.2026 को निर्वाचन विभाग ने जमुई के जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नवीन को ₹बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड 2025₹ से सम्मानित किया है। सम्मान समारोह में जिलाधिकारी श्री नवीन को प्रशस्ति पत्र एवं चेक देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया के सफल, निष्पक्ष और नवाचारी संचालन के लिए दिया गया है। जमुई जिलाधिकारी श्री नवीन सहित राज्य के कुल 10 जिलाधिकारियों को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह सम्मान 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पटना स्थित अधिवेशन भवन, सिंचाई भवन परिसर में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में प्रदान किया गया। बिहार सरकार के निर्वाचन विभाग की तरफ से दिया जाने वाला यह पुरस्कार राज्य स्तर पर केवल 10 कलेक्टरों को ही दिया जाता है, जो इसे और भी विशिष्ट बनाता है। सम्मानित होने वाले अन्य अधिकारियों में भागलपुर के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी, सुपौल के सावन कुमार, भोजपुर के तनय सुल्तानिया, सीतामढ़ी के रिची पांडेय, नालंदा के कुंदन कुमार, मुजफ्फरपुर के सुब्रत सेन, गया के शशांक कुमार और जमुई के नवीन कुमार शामिल हैं। वहीं, पूर्व डीएम अररिया अनिल कुमार वर्तमान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक हैं, जबकि पूर्व डीएम कटिहार मनेश कुमार मीणा खान विभाग के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। जिलाधिकारी श्री नवीन को यह सम्मान चुनावों में आईटी आधारित पहल, सुरक्षा एवं चुनाव प्रबंधन, सुलभ एवं समावेशी चुनाव, मतदाता सूची शुद्धिकरण, मतदाता जागरूकता अभियान और लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जा रहा है। उनके नेतृत्व में जमुई जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया का सफल संचालन हुआ।



# मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर दिलायी मतदाता जागरूकता शपथ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)** I 16 वे मतदाता दिवस के अवसर पर शासन के आदेशों के अनुक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल के निर्देशन एवं एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एन सी सी कैडेट्स के द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ।मतदाता जागरूकता रैली डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर से प्रारंभ होकर नैशनल हाईवे होते हुए मोदीनगर बस स्टैंड, तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड होते हुए विद्यालय पर संपन्न हुई।रैली के दौरान एन सी सी कैडेट्स पोस्टर, प्लेकार्ड ,बैनर स्लोगन आदि के द्वारा शहरवासियों को आगामी चुनावों में अपने मतों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करते नजर आए ।रैली के उपरांत एन सी सी कैडेट को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए क्षेत्र के सभी मतदाता आने वाले चुनावों में अपने अपने मतों का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे ।एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है ओर सभी से अपील की कि सभी ज़िम्मेदार नागरिक होने का परिचय देकर लोकतंत्र के इस महान पर्व में सभी अपनी आहुति अवश्य दें ।इससे पूर्व सुबह के सत्र में एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी को मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलायी तथा उन्हें अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा विद्यालय के दस छात्रों प्रतीक कुमार, दीपांशु, सिद्धार्थ , विशाल, अखिल, हरीश कुमार, देव, पुनीत,लक्की,तनिष्क आदी प्रत्येक को लगभग तीन हजार रुपए धनराशि छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रपत्र विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सतीश चन्द अग्रवाल द्वारा छात्रों को दिए गए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में एन सी सी कैडेट पुष्कर, संदीप, कुणाल, विनीत, नमन के साथ सतीश, विजय,अमित आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा द्वारा कृषक श्रमिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)**। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डबाना में विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) जनजागरण अभियान कृषक श्रमिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल से बागपत लोकसभा के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने उपस्थित ग्रामवासियों के साथ संवाद कर उन्हें मिशन की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि केंद्र सरकार की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने और हर हाथ को काम देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।ग्रामीणों के उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारा ग्रामीण भारत अब स्वरोजगार और समृद्धि की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चैनपाल जिला अध्यक्ष भाजपा ने की। संचालन देवेंद्र डायमंड ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण मोदीनगर विधायिका मंजू सिवाच, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, निवाड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष रालोद, की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से अरुण दहिया, तेजबीर डबाना, सतेंद्र त्यागी, अमित चौधरी, अजीत खंजरपुर, योगेश फफराना, प्रो. अजीत सिंह, सुरमेश प्रधान, मनोज त्यागी नगर अध्यक्ष रालोद, देवेंद्र चौधरी, चौधरी टेम्पाल, सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पेंशनधारकों के स्वास्थ्य के लिए सराहनीय पहल

**गाजियाबाद।** पेंशनधारकों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की गाजियाबाद मुख्य शाखा में शनिवार को नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मेडी असिस्ट थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर, आनंद राठी इंश्योरेंस ब्रोकर्स एवं एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन, गाजियाबाद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में, फोर्टिस अस्पताल सेक्टर–62 नोएडा के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर के दौरान रक्त शर्करा की जांच, रक्तचाप की जांच, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, ईसीजी जांच तथा चिकित्सक परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 70 से अधिक पेंशनधारकों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और स्वास्थ्य जांच कराई। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय–3, गाजियाबाद, एसबीआई मुख्य शाखा गाजियाबाद तथा थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर की सक्रिय भूमिका रही। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से यह शिविर सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य जांच के उपरांत शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों एवं चिकित्सक दल के लिए जलपान एवं चाय की व्यवस्था भी की गई। पेंशनधारकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को समय पर परामर्श और जांच की सुविधा भी प्रदान करते हैं। एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन, गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष एस.पी. शर्मा एवं सचिव आर.सी. माथुर ने इस आयोजन के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं, बैंक प्रशासन तथा चिकित्सक दल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## हार्डवेयर दुकान से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**गाजियाबाद।** डीएलएफ अंकुर विहार कॉलोनी में चोरों ने एक हार्डवेयर दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दुकानदार विकास भंडारी ने बताया कि उनकी दुकान 'उत्तरांचल हार्डवेयरज में शुक्रवार तड़के अज्ञात चोरों ने शटर के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया और पीतल व ब्रास का कीमती सामान लेकर फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार चोरी की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह दुकान खोलने पर जब शटर का ताला टूटा हुआ मिला, तब चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले में कार्रवाई की जानकारी देते हुए एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी गई है।

## डेढ़ सौ ग्राम स्मैक और 4.2 किलो गांजा बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने रविवार को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से डेढ़ सौ ग्राम स्मैक और चार किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ में तस्करों ने स्वीकार किया कि वे दिल्ली के जहांगीरपुरी क्षेत्र से मादक पदार्थ खरीदकर लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में बेहटा रेलवे स्टेशन के पास लोगों को बेचते थे। पुलिस के अनुसार, रविवार को लोनी बॉर्डर थाना पुलिस दिल्ली–सहारनपुर रोड स्थित रोडवेज डिपो के पास वाहनों की नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चार संदिग्धों को रोका गया और उनके सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा और स्मैक बरामद हुई, जिसके बाद चारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नरेंद्र पाल उर्फ टीटू निवासी बेहटा हाजीपुर, प्रदीप पाल उर्फ मास्टर निवासी बेहटा हाजीपुर, धर्मेंद्र निवासी रतिराम कॉलोनी बेहटा हाजीपुर तथा अरमान निवासी आनंद विहार कॉलोनी, थाना लोनी बॉर्डर बताए। आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली जहांगीरपुरी निवासी गौरी नामक व्यक्ति से गांजा और स्मैक खरीदते थे। इस सौदे के लिए उनकी पहचान एक महिला के माध्यम से हुई थी, जिससे उनकी फोन पर बातचीत होती थी। इसमें सबसे कम उम्र के आरोपी अरमान को बिक्री का जिम्मा सौंपा जाता था। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और मादक पदार्थ तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर पलटा तेज रफ्तार मिनी ट्रक, दो घायल

**मोदीनगर।** दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया, जब भोजपुर टोल के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। दुर्घटना में चालक और परिचालक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के आकाश नगर कॉलोनी निवासी विजय शर्मा मिनी ट्रक में टाइल्स लेकर गाजियाबाद से मेरठ की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन भोजपुर टोल से पहले पहुंचा, अचानक संतुलन बिगड़ गया और मिनी ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदी टाइल्स सड़क पर बिखर गईं, जिससे एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर बिखरे सामान को हटवाकर यातायात को धीरे–धीरे सुचारू कराया। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी देते हुए एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि हादसे में घायल चालक और परिचालक को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# व्यापार मंडल की बैठक में सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)** ।पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय स्पाइस गार्डन रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। जिसमें मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया ।इस अवसर पर बोलते हुए मेरठ मंडल के अध्यक्ष प्रदीप बोस ने व्यापार मंडल के माध्यम से व्यापारी बांधों की समस्याओं को हल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त पदाधिकारी तन मन धन से व्यापारी हित में काम करेंगे तथा व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने का हर संभव प्रयास करेंगे। मंडल के नगर अध्यक्ष महराम चंदेला ने सभी व्यापारियों से एकजुट होकर व्यापारी हित में काम करने की अपील की। बैठक में व्यापार मंडल के सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई। एडवोकेट अरुण राघव, विनोद नेहरा व विनोद शर्मा को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद पर नवीन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉक्टर महेश, संदीप मित्तल, आकाश शर्मा, मनोनीत किए गए। हिमांशु सिंघल को व्यापार मंडल का कार्यकारी महामंत्री, राजेश चौधरी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया ।सचिव पद के लिए नितिन तायल, रवि तोमर, नितिन चौधरी, संगठन मंत्री पद के लिए अमित गुप्ता, मोहन गुप्ता आदि का चयन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों में जिला उपाध्यक्ष विजय मलिक, नीरज गर्ग, अनुज अग्रवाल, संजय शर्मा, नवीन अग्रवाल, योगेश सेन, गौरव गुप्ता, संदीप मित्तल, रवि तोमर, मोहन गुप्ता, सचिन कुमार आदि ।

# गणतंत्र दिवस से पहले मुरादनगर में हाई अलर्ट

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर मुरादनगर में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से सख्त कर दिया गया है। किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टालने के उद्देश्य से रविवार को मुरादनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों और सार्वजनिक इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में सतर्कता और चौकसी का माहौल नजर आया।

सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पुलिस बल ने मुरादनगर रैपिड मेट्रो स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन परिसर के साथ-साथ पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की बारीकी से जांच की गई। संदिग्ध वाहनों के नंबर प्लेट, आवश्यक कागजात और गतिविधियों की गंभीरता से पड़ताल की गई, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक की गुंजाइश न रहे। चेकिंग अभियान के उपरांत पुलिस टीम ने रैपिड मेट्रो स्टेशन से ओलंपिक तिराहे तक पैदल मार्च किया। पैदल मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों को यह स्पष्ट संदेश देना रहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। मार्च के दौरान सड़क किनारे खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। थाना प्रभारी अंकित कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# रोटरी क्लब मोदीनगर द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)** ।छतरी वाला मंदिर निकट बस स्टैंड मोदीनगर पर रोटरी क्लब मोदीनगर द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में डॉक्टर शैंकी जैन व उनकी टीम द्वारा निशुल्क रक्तचाप, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, व कंसल्टेशन (परामर्श )दिया गया। डॉक्टर साहब की टीम द्वारा सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूरा रोटरी क्लब मोदीनगर की टीम ने पूरे मन से यह कार्य किया। मोदीनगर क्लब के सभी सदस्यों ने निष्ठा के साथ इस कार्यक्रम को सफल मनाया सभी पेशेंट को डॉक्टर शैंकी जैन व रोटरी क्लब द्वारा द्वारा पूरा सहयोग किया गया। सांसद राजकुमार सांगवान अध्यक्ष नगर पालिका विनोद वैशाली, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल, डॉ पूनम गर्ग, डॉ शुभांगी गुप्ता,डॉक्टर शताक्षी गर्ग,डॉक्टर अनिल गर्ग,डॉक्टर वरुण गुप्ता, राज ढींगरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे कैंप में आए सभी जरूरतमंद मरीजों को डॉक्टर शैंकी जैन ने ईको कार्डियोग्राफी व एंजियोग्राफी पर 50% डिस्काउंट देने के लिए भी कहा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रोटरी क्लब अजय गोयल,सचिव मुकेश गोयल,प्रोजेक्ट इंचार्ज शलभ सिंगल,व अन्य सदस्य आभास कंसल, एडवोकेट आलोक गुप्ता, ललित कुमार,सचिन गुप्ता,एडवोकेट प्रमोद तंवर, अक्षय अग्रवाल, प्रमोद सिंह ,व अनिल आदि सभी सदस्यों ने पूरा सहयोग दिया ।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं।कार्यक्रम के दौरान रंगारंग नृत्य, प्रेरणादायी भाषण, तथा देशभक्ति गीत ह्लवंदे मातरम्ह्व का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इसी क्रम में इस अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस भी मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा उत्तर प्रदेश की संस्कृति, भाषा एवं विकास यात्रा पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी गईं।प्रदेश के सर्वांगीण विकास से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम, नारे एवं शपथ के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए ।साथ ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के संदेश को ध्यान में रखते हुए बालिका शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता भी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित की गई ।साथ ही, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद से प्राप्त निदेशों के क्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी 2026) के उपलक्ष्य में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका तथा जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# 'मेरा भारत, मेरा वोट' के संदेश के साथ युवाओं ने भरी लोकतंत्र की हुंकार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत (माई भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गाजियाबाद में मतदाता जागरूकता को लेकर रविवार को भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा देशभर के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों एवं जिला मुख्यालयों में एक साथ आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ते हुए मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए मेरा युवा भारत, गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का मूल संदेश 'मेरा भारत, मेरा वोट' है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है और इसी उद्देश्य से इस पदयात्रा का आयोजन किया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवा मतदान के अधिकार और कर्तव्य को समझें तथा उसका प्रयोग करें।

उन्होंने बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर की युवा जागरूकता एवं सहभागिता पहल है, जिसका विशेष लक्ष्य प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं में जागरूक, नैतिक और जिम्मेदार मतदान व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। मतदाता जागरूकता को शारीरिक स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए यह पहल राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व में एक जीवंत जनआंदोलन के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही है। पदयात्रा का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना, मतदाता पंजीकरण तथा मतदाता विवरणों में सुधार के लिए प्रेरित करना और लोकतांत्रिक मूल्यों को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करना रहा। पदयात्रा के माध्यम से मतदाता जागरूकता से जुड़े संदेशों का व्यापक प्रसार किया गया, जिससे यह आयोजन नागरिक सहभागिता का एक प्रभावशाली और दृश्य मंच बनकर उभरा।

कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों के साथ बड़ी संख्या में प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पदयात्रा एवं साइकिल रैली, नए मतदाताओं का सम्मान, मतदाता जागरूकता संवाद, शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। जागरूकता, जिम्मेदारी और निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता की भावना से सशक्त युवा ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

इस पहल के जरिए युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता का संवाहक बनने के लिए प्रेरित किया गया। मेरा युवा भारत ने सभी युवा नागरिकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा में सक्रिय सहभागिता निभाएं और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपना सार्थक योगदान दें।

# गुड़ मंडी गौशाला में अव्यवस्थाओं की पोल खुली

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** नगरपालिका की गुड़ मंडी स्थित गौशाला में लंबे समय से मिल रही अनियमितताओं की शिकायतों के बाद रविवार को गौ रक्षा दल ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। निरीक्षण के दौरान गौशाला में व्याप्त भारी अव्यवस्थाएं और गंभीर लापरवाही सामने आई, जिससे निराश्रित गौवंश के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडराता दिखा। गाजियाबाद जिले के गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष गुलशन राजपूत के नेतृत्व में किए गए निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में गौवंश को अत्यंत घटिया और दूषित गुणवत्ता का भूसा खिलाया जा रहा था। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इसी खराब चारे के कारण गौवंश लगातार बीमार पड़ रहे हैं। मौके पर मौजूद वेटनरी ऑफिसर मुरादनगर और गौ सेवकों ने भी भूसे की गुणवत्ता को मानकों के विपरीत बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाध्यक्ष गुलशन राजपूत ने तत्काल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ), गाजियाबाद को फोन पर पूरे मामले से अवगत कराया। अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार से संपर्क न हो पाने पर गौशाला कर्मचारी शमशाद और केयरटेकर राजकुमार को मौके पर बुलाकर सख्त निर्देश दिए गए। इसके बाद तुरंत प्रभाव से खराब भूसे को हटवाकर उसकी जगह अच्छी और ताजा गुणवत्ता का भूसा मंगवाया गया, जिस पर मौके पर ही अमल कराया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि गौवंश के लिए बनाए गए पानी पीने के खोरों की लंबे समय से सफाई नहीं की गई थी। टंकियों में काई और गंदगी जमी हुई थी, जिससे पशुओं को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था।

# नवां पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में रिश्तों के साथ सामाजिक समरसता का संदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रविवार को मोदीनगर की ओर रुख करना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि अपनों के बीच लौटने जैसा भावनात्मक अनुभव था। अवसर था नवां पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का, जहां पंजाबी समाज के परिवारों ने सामाजिक परंपराओं और संस्कारों के साथ भावी रिश्तों की तलाश की। कम्यूनिटी सेंटर, सारा रोड, गोविंदपुरी में आयोजित यह सम्मेलन सुबह 9.30 बजे से सायं 3.00 बजे तक पूरे उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में पंजाबी समाज के अनेक परिवारों ने भाग लिया। जहां एक ओर बेटों के परिवार अपनी बहुओं की तलाश में पहुंचे, वहीं दूसरी ओर बेटियों के परिवार योग्य वर की खोज में इस मंच पर उपस्थित रहे। पूरा आयोजन सामाजिक सौहार्द, पारिवारिक मूल्यों और पारंपरिक सोच का सुंदर उदाहरण बना। कार्यक्रम के आयोजन में पंजाबी समाज मोदीनगर के अध्यक्ष अजय ग्रोवर और सहयोगी की भूमिका में संजय नायर ने अपने समर्पित साथियों के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आयोजन की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात पंजाबी पत्रिका का विमोचन कर समाज की साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को भी मंच प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल के सांसद डॉ. राजकुमार सागवान, मोदीनगर की विधायक मंजू शिवाज, मोदीनगर पालिका के चेयरमैन विनोद वैशाली, गाजियाबाद बार के वरिष्ठ अधिवक्ता हरप्रीत सिंह जग्गी तथा समाजसेवी इंद्रजीत सिंह टीटू मंचासीन रहे। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में सांसद डॉ. राजकुमार सागवान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं। विधायक मंजू शिवाज ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक मंचों के माध्यम से रिश्तों का निर्माण समाज की मजबूती का प्रतीक है।

चेयरमैन विनोद वैशाली ने भी पंजाबी समाज की एकजुटता और सक्रियता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) एवं मेरठ मंडल प्रभारी इंद्रजीत सिंह टीटू, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता हरप्रीत सिंह जग्गी सहित पंजाबी समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन, गरिमा और आपसी सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। नवां पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन न केवल रिश्तों की तलाश का मंच बना, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कारों और परंपराओं को सहेजने का भी सशक्त संदेश देकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह और मतदाता जागरूकता के साथ मनाया गया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के क्रम में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस रविवार को हिंदी भवन में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। आयोजन स्थल पर पहुंचे दिव्यांग मतदाताओं का बैंड-बाजों के साथ विशेष अभिनंदन किया गया, जिसने कार्यक्रम को उत्सवी स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संदेश प्रसारित किया गया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए नए मतदाताओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का आह्वान किया। इसके साथ ही नन्हें कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक, धार्मिक तथा मतदाता जागरूकता से जुड़े गीतों और नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके लिए सबसे पहले मतदाता बनना अनिवार्य है। उन्होंने 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरना आवश्यक है, जिसे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरा जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर नगरायुक्त राज बहादुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय तथा एसडीएम अरुण दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही एसआईआर कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले उद्यमियों, निर्वाचन कर्मियों एवं अन्य सहयोगियों को प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में योगदान देने वाले कलाकारों, प्रबंधकों और संचालकों को भी सम्मानित किया गया।

# नोएडा हादसे पर उपमुख्यमंत्री का सख्त रुख, एसआईटी रिपोर्ट के बाद होगी कड़ी कार्रवाई



वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** नोएडा में निमार्णाधीन बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने घटना को अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की विशेष जांच दल द्वारा जांच की जा रही है और जैसे ही रिपोर्ट सामने आएगी, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री यह बातें रविवार को इंदिरापुरम में आयोजित लिट्टी-चोखा मिलन समारोह के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया इस हादसे में लापरवाही सामने आ रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि किन अधिकारियों या संबंधित संस्थाओं की भूमिका इसमें रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि नोएडा सेक्टर-150 में 16 जनवरी को घने कोहरे के कारण युवराज मेहता की कार सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में जा गिरी थी। यह गड्ढा एक मॉल के बेसमेंट निर्माण के लिए खोदा गया था, जिसमें पानी भरा हुआ था। मौके पर न तो किसी प्रकार की बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ और युवराज मेहता की डूबने से मौत हो गई। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज से जुड़े विवाद पर पूछे गए सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से उनसे हाथ जोड़कर विवाद समाप्त करने की अपील की जा चुकी है और आगे भी इसी दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा केशव प्रसाद मौर्य को मुख्यमंत्री बनाए जाने संबंधी बयान पर उन्होंने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद राजनीति से जुड़े व्यक्ति नहीं हैं, यह उनकी व्यक्तिगत भावना हो सकती है, जिसके लिए वह सिर झुकाकर उन्हें प्रणाम करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि संगम स्नान के माध्यम से सभी विवादों का समाधान होना चाहिए और समाज में शांति एवं सौहार्द बना रहना चाहिए।

# बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित कर समाज सेवा का संदेश दिया

वेलकम इंडिया

**एनसीआर।** इनर व्हील क्लब ऑफ नवीन ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित बसंत उत्सव केवल एक पारंपरिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और मानवीय संवेदनाओं का सजीव उदाहरण बनकर सामने आया। दिल्ली स्थित एक भव्य बैंक्वेट सभागार में आयोजित इस समारोह में क्लब की सभी सदस्यों ने बसंत ऋतु की रंगत को पूरे उल्लास, अपनत्व और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर क्लब की समर्पित सदस्य अंकिता सिंह, पत्नी अधीक्षक कारागार बृजेश सिंह, ने लैंप वॉक में सहभागिता की। आत्मविश्वास, गरिमा और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया। लगभग चालीस सदस्यों की उपस्थिति में उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो नारी शक्ति, आत्मबल और सेवा भावना का प्रतीक बना। बसंत पर्व के अवसर पर क्लब की पूर्व प्रधान अनीता सिंह सहित अन्य सदस्यों ने मां सरस्वती की विधिवत श्रद्धा-भाव से पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत क्लब द्वारा एक स्लम स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को कॉपियां, पेंसिल एवं बोर्ड वितरित किए गए। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि मां सरस्वती की सच्ची आराधना मन लगाकर अध्ययन करने में निहित है। क्लब की सदस्यों ने भावुक शब्दों में कहा कि सच्चा बसंत बच्चों की मुस्कान, उनकी उम्मीदें और उनका उज्ज्वल भविष्य है। इन्हीं मूल्यों के साथ इनर व्हील क्लब सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्लब की प्रधान आदिति ने सभी उपस्थित सदस्यों को बसंत उत्सव एवं आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।








# सिटी जोन को जलभराव से मिलेगी राहत, 820 मीटर लंबे नाले का निर्माण तेज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर को बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा सिटी जोन में बड़े स्तर पर नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों के साथ महामाया स्टेडियम के पीछे बनने वाले बायोडायवर्सिटी पार्क के समीप निमार्णाधीन बड़े नाले का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति व गुणवत्ता का जायजा लिया। केला भट्टा से पोस्टमार्टम हाउस तक बनाए जा रहे इस नाले की लंबाई 820 मीटर है, जिसकी चौड़ाई 5.90 मीटर और ऊंचाई 4.55 मीटर रखी गई है। यह नाला शहर की घनी आबादी से दूर बनाया जा रहा है, जिससे बरसाती पानी की निकासी बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से हो सके। इस नाले के तैयार होने से शहर के लगभग नौ से दस क्षेत्रों को बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से राहत मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण अधिकारियों को मानसून से पहले नाले का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है और टीम को अप्रैल माह तक नाले का निर्माण पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।


आप सभी देशवासियों
एवं
क्षेत्रवासियों को
77 वें
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
INDIA
दिनेश कुमार गोयल
dineshkumargoelbjp
dineshkumargoel
सदस्य विधान परिषद
मेरठ- सहारनपुर खंड स्नातक क्षेत्र (भाजपा) उत्तर प्रदेश


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मंजू शिवाच
विधायक मोदीनगर
डॉ. देवेन्द्र शिवाच
वरिष्ठ भाजपा नेता

**स्वच्छ मोदीनगर** **सुन्दर मोदीनगर**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# भारत स्वच्छता मिशन

# नगरपालिका परिषद, मोदीनगर

## की ओर से गणतंत्र दिवस पर नागरिकों से अपील एवं अपेक्षाएं

### नगरपालिका मोदीनगर का लक्ष्य :-

- जल बचाएं अपना जीवन बचाएं।
- जल की होगी बर्बादी, तो नही होगी कोई आबादी।
- आओं बचाएं वर्षा जल और सजाएं अपना कल।
- जल की बर्बादी न करना भूल, जल ही है जो बनाता है पृथ्वी पर जीवन को अनुकूल।
- अगर जल संकट को मिटाना होगा तो वर्षा जल संरक्षण को अपनाना होगा।
- स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
- पॉलिथिन का उपयोग बंद करें।
- जल सरंक्षण करें, जल ही जीवन है।
- दो गज है, दूरी मास्क है जरूरी।
- घर से निकलते हुए सैनिटाइजर ओर मास्क का प्रयोग करें।
- जलकर व भवन घर समय पर जमा करें।
- कूड़ा कूडेंदान में ही डालें ओर अपने आसपास स्वच्छता रखें।






**नरेंद्र मोहन मिश्र**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मोदीनगर





**विनोद वैशाली (जाटव)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, मोदीनगर


SRMIST AT 40 A LEGACY UNFOLDS
ACCREDITED BY NAAC GRADE A++
SRM INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
(Deemed to be University u/s 3 of UGC Act, 1956)
DELHI-NCR CAMPUS, GHAZIABAD (U.P.)
SRMJEEE 2026
SRM-IST Achievements For 2022-2026 batch (as on 3rd January 2026)
Number of Roles 664
Total Offers 5,692+
Scan to Download the Brochure
26th January 2026 Republic Day
PROGRAMS
Faculty of Engineering and Technology
B.Tech
Computer Science and Engineering (CSE)
CSE with Specialization in
Artificial Intelligence and Machine Learning (CSE-AIML)
Data Science (CSE-DS)
Cloud Computing (CSE-CC)
Cyber Security (CSE-CS)
Electronics and Communication Engineering (ECE)
Electronics Engineering(VLSI Design and Technology)
ECE with Specialization in Data Science (ECE-DS)
Mechanical Engineering (ME)
ME with Specialization in Artificial Intelligence and Machine Learning (ME-AIML)
Automobile Engineering (AME)
M.Tech
Computer Science and Engineering (CSE)
Artificial Intelligence (AI)
Ph.D. (All Major Disciplines)
Faculty of Science and Humanities
B.Sc in Hospitality and Hotel Administration (B.Sc-HHA)
B.Sc in Computer Science (B.Sc-CS)
Bachelor of Computer Applications (BCA)
BCA with Specialization in Data Science (BCA-DS)
Master of Computer Applications (MCA)
MCA with Specialization in Generative AI (MCA-GEN AI)
Faculty of Management
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Medicine and Health Sciences
Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
NATIONAL ASSESSMENT & ACCREDITATION COUNCIL A++
nirf 11th Ranked University
Category 1 with 12B Status
APPROVED BY AICTE
ARIIA Ranked 2nd
DIAMOND RATED
Delhi-NCR CAMPUS GHAZIABAD U.P.
DELHI OFFICE: 011 4167 6464
TOLL FREE: 1800 889 3496
www.srmup.in


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
desgin #8650706393
स्वदेश कुमार जैन
प्रदेश परिषद सदस्य भाजपा
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
jain Shikanji
Crazy about quality
#Desh ka Drink
Order Now
blinkit
insta mart
zepto
₹10 ONLY
Jeera
Masala SHIKANJI 160ML
Jeera Masala 160ML
Like Us On
www.jainshikanji.com

DR. KEDAR NATH MODI FOUNDATION
Value • Knowledge • Character

# DR. K.N. MODI FOUNDATION

MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.).

83 YEARS OF EXCELLENCE IN EDUCATION

DKNMU VALUE • KNOWLEDGE • CHARACTER

## DR. K.N. MODI UNIVERSITY (NCR)

ADMISSIONS OPEN 2026-2027

TOLL FREE :- 1800-212-1112



## गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं!

जय हिन्द! जय भारत!

| | |
|---|---|
| 67 Courses | 10,000+ Placements |
| 26 Campuses | 1,000+ Girls in Hostel |
| 250 Acres Land | 38,500+ Students |
| 800+ Faculty | 11,000+ Girl Students |

## Available Streams

Courses Offered

B.TECH., MBA,

BBA, BCA,

D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,

B.Sc. (BIO-TECH),

B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)

OTT | MLT | ECG & X-Ray

Modinagar - +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.

E-mail: admissions@knmodifoundation.com